दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, सोमवार 09 सितम्बर 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक- 340

## चन्द्रयान-2

# विक्रम और प्रज्ञान से संपर्क कटने से खत्म नहीं हो गया सबकुछ, ऑर्बिटर करेगा सारे काम

**बेंगलुरु (आरएनएस)। विक्रम लैंडर से संपर्क टूटने से दुखी देशवासियों को इसरो ने नई सूचना से खुश कर दिया है। चंद्रमा की सतह पर पूर्वनिर्धारित तरीके से उतरने से पहले चंद्रयान-2 के लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान का इसरो से संपर्क टूटने के बाद सबकुछ खत्म नहीं हो गया है।**

### » देशवासियों को इसरो ने दी खुशखबरी



1 सितंबर को उनसे अलग हुआ ऑर्बिटर लगातार चंद्रमा के चक्कर लगा रहा है और वहां पानी और खनिज पदार्थ होने की संभावना को लेकर तमाम मूल्यवान जानकारियां जुटा रहा है। बड़ी बात यह है कि आठ पेलोड्स से सुसज्जित ऑर्बिटर की उम्र सात साल से ज्यादा है। पहले की गई गणना में इसकी उम्र एक वर्ष आंकी जा रही थी। साथ ही इसरो ने मिशन को 90 से 95 प्रतिशत तक सफल बताया है।

चंद्रयान-2 एक प्रकार से 3-इन-1 मिशन था। इसमें ऑर्बिटर के साथ लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान भी भेजे गए थे। एक ही मिशन से इसरो का प्रयास चंद्रमा की सतह, सतह से नीचे और बर्हिमंडल, तीनों पर शोध करना था।ऑर्बिटर 20 अगस्त 2019 को ही चंद्रमा की कक्षा में सफलता से दाखिल होकर करीब 120 किमी ऊंचाई पर परिक्रमा कर रहा है और बर्हिमंडल व सतह की तस्वीरें भी भेज चुका है। इसरो के अनुसार ऑर्बिटर में 0.3 मीटर रिजोल्यूशन का अत्याधुनिक कैमरा लगा है, जो अब तक किसी भी चंद्र मिशन में नहीं लगाया गया। विशेषज्ञों के अनुसार इसके जरिये चंद्रमा की सतह पर मौजूद एक फीट जितनी बड़ी वस्तु की भी तस्वीर ली जा सकती है।

इसरो ने चंद्रयान-2 को बेहद जटिल मिशन बताया और कहा कि यह इसरो के अब तक के सभी मिशन में तकनीकी तौर पर बहुत आगे है। यही वजह है कि 22 जुलाई के प्रक्षेपण के बाद से पूरी दुनिया इसकी प्रगति देख रही है और काफी अपेक्षाएं रखती है। ऑर्बिटर अब अगले कुछ समय में चंद्रमा के विकास पर हमारी समझ को बढ़ाएगा। इसके नक्शे तैयार करेगा, खनिजों का आकलन करेगा और चंद्रमा के ध्रुवों पर पानी की संभावना तलाशेगा। इसके लिए इसमें आठ वैज्ञानिक उपकरण लगाए गए हैं।

विक्रम लैंडर चंद्रमा के आकाश में 35 किमी की ऊंचाई से 2 किमी की ऊंचाई तक योजना के अनुसार तय अपने प्रक्षेप पथ पर चला। उसके सभी सिस्टम व सेंसर पूरी तरह ठीक रहे। सफलता के लिए तय हर एक चरण के मानकों के अनुसार मिशन ने अब तक 90 से 95 प्रतिशत उद्देश्य पूरे किए हैं। लैंडर से संपर्क टूटने के बावजूद ऑर्बिटर से हमें चंद्रमा को लेकर काफी जानकारियां व डाटा मिलता रहेगा।

## स्विस बैंकों से स्वचालित व्यवस्था के तहत पहले दौर की सूचनाएं भारत को मिलीं

**नई दिल्ली।** स्विस बैंकों में पैसे रखने वाले भारतीयों के खातों से जुड़ी जानकारियां भारत को मिलनी शुरू हो गई हैं। स्विट्जरलैंड ने स्वचालित व्यवस्था के तहत इस महीने पहली बार कुछ सूचनाएं भारत को उपलब्ध कराई हैं। भारत को मिले पहले दौर की सूचनाओं के विश्लेषण की तैयारी चल रही है और इनमें खाताधारकों की पहचान तय करने के लिए पर्याप्त सामग्री उपलब्ध होने का अनुमान है। बैंकों और नियामकीय संस्थाओं के अधिकारियों ने बताया कि ये सूचनाएं मुख्यत-उन खातों से जुड़ी हैं, जिन्हें लोगों ने कार्रवाई के डर से पहले ही बंद करा दिया है।

## दिनदहाड़े गैंगवॉर में बदमाश काले पर दागी 10 गोलियां, मौत

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** नरेला में दिनदहाड़े गैंगवॉर से पूरा इलाका दहल गया. दिल्ली के लामपुर मोड़ पर अज्ञात बदमाशों ने वीरेंद्र मान उर्फ काले को निशाना बनाते हुए करीब 25 राउंड ताबड़तोड़ फायरिंग की. जिसमें से 10 गोलियां काले को लगीं. गोलियों से छलनी हुए काले को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया. जहां उसकी मौत हो गई. डीसीपी आउटर नॉर्थ के मुताबिक जिस शख्स को गोलियां लगी हैं वह इलाके का बदमाश है. इस पर करीब 14 मामले दर्ज थे. इसके साथ ही वह नगर निगम का चुनाव भी लड़ चुका था. रविवार को अज्ञात हमलावरों ने लगातार गोलियां चलाकर घटना को अंजाम दिया. यह मामला आपसी रंजिश का लग रहा है. फिलहाल हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश की जा रही है. चश्मदीदों का कहना है कि काले को मारने के लिए करीब 10 बदमाश आए थे. वहीं स्पेशल सेल के सूत्रों का कहना है कि जिस तरह से ताबड़तोड़ फायरिंग की गई है, उस हिसाब से दिल्ली के कुख्यात फरार गैंगस्टर गोगी गैंग पर वारदात का शक जताया जा रहा है.

## बच्चा चोरी के आरोप में भीड़ ने दो महिलाओं को जमकर पीटा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के ओखला में मॉब लिंचिंग का मामला सामने आया है. ओखला इलाके की संजय कॉलोनी में बच्चा चोरी के आरोप में भीड़ ने दो महिलाओं को जमकर पीटा. इसके बाद दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया. पुलिस ने इस मामले में अपहरण की शिकायत पर धारा 363 के तहत मामला दर्ज कर दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है. इस दौरान बच्चे के पिता ने आरोप लगाया कि इन दोनों महिलाओं ने उनके ढाई साल के बच्चे को चुरा लिया था. जब बच्चा चोरी करके ले जा रही थीं तो उनकी इन पर नजर पड़ी. बच्चे का अपहरण होते देख उन्होंने शोर मचा दिया और फिर लोगों ने इन महिलाओं को पकड़ लिया. इस दौरान इनकी पिटाई की गई. हालांकि दोनों महिलाएं सफाई देती रहीं कि वे बच्चा चोर नहीं हैं. डीसीपी चिन्मय विस्वाल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनो महिला एनटीपीसी बदरपुर कलोनी की रहने वाली हैं. दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है. इन दोनों से पूछताछ की जा रही है.

## अहमद पटेल के बेटे को ईडी ने भेजा समन

### » स्टर्लिंग बायोटेक केसः

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** स्टर्लिंग बायोटेक केस में कांग्रेस नेता अहमद पटेल के बेटे फैजल पटेल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूछताछ के लिए पेश होने का आदेश दिया है. ईडी लोन घोटाला करने वाली गुजरात की कंपनी स्टर्लिंग बायोटेक के संचालक संदेसरा बंधुओं के साथ अहमद पटेल के बेटे और दामाद के संबंधों और लेनदेने की जांच कर रही है. इससे पहले मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ईडी ने फैजल पटेल से पूछताछ की थी. ईडी जुलाई के महीने में इसी तरह से अहमद पटेल के दामाद इरफान सिद्दीकी का बयान भी रिकॉर्ड किया था. फिर इसके बाद संदेसरा समूह के कर्मचारी सुनील यादव से भी केंद्रीय जांच एजेंसी ने पूछताछ की थी. बताया जाता है कि यादव ने ही फैजल पटेल और संदेसरा बंधुओं के बारे में बात की थी.

# पाक ने फिर किया संघर्ष विराम का उल्लंघन

### » नौशेरा और सुंदरबनी सेक्टर में की गोलीबारी

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटने के बाद पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। अब जम्मू कश्मीर में पाकिस्तान ने एक बार फिर सीजफायर का उल्लंघन किया है। नौशेरा और सुंदरबनी क्षेत्रों में पाकिस्तान ने गोलीबारी की है। पाकिस्तान ने रिहायशी इलाकों को भी अपना निशाना बनाया है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रही है। इससे पहले शनिवार को पाकिस्तानी सेना ने जम्मू एवं कश्मीर के पुंछ जिले में अग्रिम चौकियों और गांवों पर गोलीबारी की थी और इसके साथ ही नियंत्रण रेखा(एलओसी) पर एक सप्ताह से रही शांति अशांति में बदल गई।



शनिवार 7.45 बजे कृष्णा घाटी क्षेत्र में सीमा पार से छोटे हथियारों से गोलीबारी और फिर मोर्टार से गोलाबारी की गई। घटना में भारतीय क्षेत्र में किसी के भी हताहत होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने कहा, अंतिम समाचार मिलने तक भारतीय सेना पाकिस्तानी सेना को माकूल जवाब दे रही थी और दोनों तरफ सीमापार से गोलीबारी जारी थी।

इसके पहले एक सितंबर को, शाहपुर-करणी सेक्टर में पाकिस्तान की ओर से अग्रिम चौकियों और गांवों को निशाना बनाकर की गई गोलाबारी में एक जवान शहीद हो गया था। जुलाई के बाद से, पुंछ व रजौरी जिलों में पाकिस्तान की ओर से संघर्षविराम उल्लंघन की घटनाओं में अबतक छह जवान शहीद हो चुके हैं और दो नागरिक मारे गए हैं।

# दिग्गज वकील और पूर्व केंद्रीय मंत्री राम जेठमलानी का 95 साल की उम्र में निधन

### » लंबे समय से थे बीमार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश के दिग्गज वकीलों में शुमार राम जेठमलानी का रविवार सुबह 95 साल की उम्र में निधन हो गया। राम जेठमलानी लंबे समय से बीमार थे। राम जेठमलानी लगभग एक हफ्ते से बहुत ज्यादा बीमार थे और अपने बेड से भी नहीं उठ पा रहे थे। बीमारी के कारण बेहद कमजोर भी हो गए थे। देश के उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू कुछ ही देर में राम जेठमलानी के घर जाएंगे।



बता दें कि जेठमलानी अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में केंद्रीय कानून मंत्री और शहरी विकास मंत्री भी रहे हैं। साल 2010 में उन्हें सुप्रीम कोर्ट बार असोसिएशन का अध्यक्ष भी चुना गया था। फिलहाल जेठमलानी आरजेडी से राज्यसभा सांसद भी थे। एक वकील होने के नाते जेठमलानी ने देश के कई बहुचर्चित केस भी लड़े हैं।

इसमें इंदिरा गांधी केस के हत्यारों का केस, डॉन हाजी मस्तान और हर्षद मेहता जैसे केस हैं। राम जेठमलानी ने एक मशहूर वकील के साथ राजनेता भी थे।

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के हत्यारों सतवंत सिंह और केहर सिंह के वकील के तौर पर पेश हुए थे। यही नहीं उन्होंने एम्स के डॉक्टर और इंदिरा गांधी के शव का पोस्टमार्टम करने वाले टी डी डोगरा द्वारा दिए गए मेडिकल प्रमाणों को भी चैलेंज किया था। हालांकि उनके इस केस पर कई लोगों ने आपत्ति जताई थी।

राम जेठमलानी के निधन पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दुख व्यक्त किया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा, अपने आप में एक संस्था, उन्होंने स्वतंत्रता के बाद के भारत में आपराधिक कानून को आकार दिया। उसका शून्य कभी नहीं भरा जाएगा और उसका नाम कानूनी इतिहास में सुनहरे शब्दों में लिखा जाएगा।

बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने राम जेठमलानी ने निधन पर दुख व्यक्त करते हुए ट्वीट किया. उन्होंने लिखा, अलविदा दोस्त

# केजरीवाल का डेंगू के खिलाफ जंग लड़ने का आह्वान

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंदकेजरीवाल ने डेंगू तथा चिकनगुनिया के खिलाफ एक सप्ताह पहले शुरू किए गये 'दस सप्ताह, दस बजे, दस मिनट' अभियान के तहत आज अपने घर में पानी के ठहराव के स्रोतों की सफाई कर डेंगू से मुक्ति के लिए इस मिशन में शामिल होने का आह्वान किया।

केजरीवाल ने अपने आवास पर अपने घर में पानी के ठहराव वाले स्थानों को देखा और वहां से रुका हुआ पानी साफ किया। इस संबंध में उन्होंने ट्वीटर पर अपनी तस्वीरें भी पोस्ट की और दिल्ली की जनता से इसी तरह से अपने घरों में पानी के ठहराव वाले स्थानों को साफ करने का आग्रह किया।




उन्होंने कहा कि यदि जनता जागरूक होकर काम करेगी तो डेंगू पर आसानी से जीत हासिल हो सकेगी। उन्होंने कहा कि डेंगू के खिलाफ यह जंग है और इसके लिए दिल्ली के हर नागरिक को 'दस सप्ताह, दस बजे, दस मिनट' अभियान में शामिल होना है और दस मिनट अपने घर में ठहरे हुए पानी को साफ करने के लिए देने हैं।

मुख्यमंत्री ने पिछले सप्ताह इस कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए दिल्ली के लोगों के साथ ही अपनी सरकार के मंत्रियों तथा सभी विधायकों से अनुरोध किया कि वे दस सप्ताह तक चलने वाले इस अभियान को सफल बनाने के लिए आगे आएं ताकि डेंगू से दिल्ली की जनता को मुक्ति मिल सके।

उन्होंने कहा था कि यह कार्यक्रम दस सप्ताह तक चलेगा तथा हर दिन सुबह दस बजे दस मिनट तक लोगों के घरों तथा आसपास के इलाकों में ठहरे पानी को साफ करने का काम करना है। उन्होंने कहा कि मच्छर जल जमाव के कारण पैदा होता है इसलिए सबसे पहले पानी को कहीं भी जमा नहीं होने दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि डेंगू तथा चिकनगुनिया से रोकथाम आवश्यक है और इसके लिए जनता में जागरूगता पैदा किए जाने की आवश्यकता है।

# हिमाचल और आसपास क्षेत्र में भूकंप के झटके

**शिमला (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश के चंबा और इसके आसपास के क्षेत्र में रविवार सुबह भूकंप के दो हल्के झटके महसूस किए गए हैं। मौसम विभाग के निदेशक मनमोहन सिंह के मुताबिक पहला झटका सुबह 5 बजकर 30 मिनट पर आया जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.4 आंकी गई है। भूकंप का केंद्र चंबा क्षेत्र ही बताया गया है।

उन्होंने बताया कि भूकंप का दूसरा झटका 08 बजकर 4 मिनट 34 सेकिंड पर महसूस किया गया। जिसकी रिक्टर पैमाने पर 4.9 तीव्रता आंकी गई है। इस भूकंप का केंद्र 33.0 डिग्री उत्तरी अक्षांष और 76.1 डिग्री पूर्वी देशांतर पर जम्मू एवं कश्मीर के साथ लगते चम्बा की सीमा पर रहा। दोनों भूकंप का केंद्र जमीन की सतह से 10 किलोमीटर गहराई में स्थित था।




लोगों में दहषत का माहौल है। झटके महसूस करते ही घरों से बाहर निकल गए। अभी तक किसी जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। उल्लेखनीय है कि चंबा और आसपास के क्षेत्र में लगातार भूकंप के झटके महसूस किए जा रहे हैं। इस वर्ष चंबा के आसपास दर्जन भूकंप के हल्के झटके महसूस किए जा चुके हैं। लोग सहमे हुए हैं कि कही ये झटके किसी बड़ी आपदा के संकेत तो नहीं है।

# डोनाल्ड ट्रंप ने रद्द की यूएस-अफगानिस्तान और तालिबान वार्ता

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में हुए हमले की वजह से अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी और तालिबान प्रमुख के साथ बैठक रद्द कर दी। जानकारी के अनुसार गनी 13 सदस्य प्रतिनिधिमंडल के साथ शुक्रवार को अमेरिका की यात्रा पर जा रहे थे लेकिन बाद में उन्होंने अपनी यात्रा स्थगित कर दी। ट्रम्प ने ट्विटर पर कहा, अफगानिस्तान के राष्ट्रपति और तालिबान के प्रमुख नेताओं के साथ रविवार को कैंप डेविड पर मैं अलग-अलग गुप्त मुलाकात करूंगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति के अनुसार प्रतिनिधिमंडल के शनिवार शाम को अमेरिका पहुंचने की उम्मीद थी। ट्रंप ने इस मामले पर जोर देते हुए कहा, दुर्भाग्यवश तालिबान ने काबुल में हमला किया जिसमे हमारे एक सैनिक समेत अन्य 11 लोगों की जान चली गयी। इसकी वजह से मैंने सभी शान्ति वार्ता




रद्द कर दी है। ट्रम्प ने तालिबान की इस हरकत पर नाराज़गी जाहिर करते हुए जोर देते हुए कहा कि तालिबान की इस हरकत से हालात और चिंताजनक हो सकते है।

उन्होंने कहा, अगर वह शान्ति वार्ता के दौरान ही हमले रोक नहीं सकते और 12 मासूम लोगों को मार सकते है, तो तब वे शायद किसी भी तरह एक सार्थक समझौते पर बातचीत करने की इच्छा नहीं रखते हैं। उल्लेखनीय है कि सोमवार को काबुल के पीडी 9 जिले में एक बड़ा विस्फोट हुआ था जिसमें एक विदेशी सैनिक समेत कई लोगों की मौत हो गयी थी।

# अनुच्छेद 371 के तहत पूर्वोत्तर को मलिे विशेष दर्जे में परिवर्तन का कोई इरादा नहीं: अमित शाह

**गुवाहाटी।** असम में राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर (एनआरसी) की पहली लिस्ट जारी होने के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पहली रविवार को पहली बार राज्य के दौरे पर पहुंचे। नॉर्थ ईस्ट काउंसिल की बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे अमित शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 371 का भारतीय संविधान में विशेष स्थान है और बीजेपी सरकार इसका सम्मान करती है।

अमित शाह ने कहा, भारतीय संविधान में अनुच्छेद 371 का विशेष प्रावधान है और बीजेपी सरकार इसका सम्मान करती है। बीजेपी सरकार इसमें किसी भी तरह कोई बदलाव नहीं करेगी। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि अनुच्छेद 370 अस्थायी प्रावधानों के संदर्भ में था जबकि



अनुच्छेद 371 विशेष प्रावधानों के संदर्भ में है, दोनों के बीच काफी अंतर है।

उन्होंने कहा, महाभारत के युद्ध के अंदर बब्रूवाहन हो या घटोत्कच हो, दोनों नॉर्थ ईस्ट के थे। अर्जुन की शादी भी यहीं मणिपुर में हुई थी। श्रीकृष्ण के पोते का ब्याह भी नॉर्थ ईस्ट में हुआ था। बता दें कि जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 के खात्मे के बाद उसके क्लोन अनुच्छेद 371 के भविष्य को लेकर सवाल उठने लगे हैं। अनुच्छेद 371 के कई प्रावधानों के तहत संपत्ति खरीदना बाकी भारतीयों के लिए मुमकिन नहीं है।

सविंधान के अनुच्छेद 370 की तरह से अनुच्छेद 371 को भी 26 जनवरी, 1950 को लागू किया गया था। अनुच्छेद 371 नॉर्थ ईस्ट 6 राज्यों समेत भारत के 11 राज्यों में लागू है। संविधान के अनुच्छेद 371ए के तहत ऐसे किसी भी व्यक्ति को नागालैंड में जमीन खरीदने की इजाजत नहीं है, जो वहां के स्थायी नागरिक नहीं हैं। यहां जमीनें सिर्फ राज्य के आदिवासी ही खरीद सकते हैं।

भारतीय संघ में सबसे आखिर में साल 1975 में शामिल हुए सिक्कम को भी संविधान में कई अधिकार हैं। आर्टिकल 371एफ ने राज्य सरकार को पूरे राज्य की जमीन का अधिकार दिया है, चाहे वह जमीन भारत में विलय से पहले किसी की निजी जमीन ही क्यों न रही हो। दिलचस्प बात यह है कि इसी प्रावधान से सिक्कम की विधानसभा चार साल की रखी गई है जबकि इसका उल्लंघन साफ देखने को मिलता है। यहां हर 5 साल में ही चुनाव होते हैं।

यही नहीं, आर्टिकल 371एफ में यह भी कहा गया है, किसी भी विवाद या किसी दूसरे मामले में जो सिक्किम से जुड़े किसी समझौते, एन्गेजमेंट, ट्रीटी या ऐसे किसी इन्स्ट्रुमेंट के कारण पैदा हुआ हो, उसमें न ही सुप्रीम कोर्ट और न किसी और कोर्ट का अधिकारक्षेत्र होगा।